पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित 01.07.2022 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें या 9958889970 पर Paytm कर दें। – अनिल आर्य

वर्ष-39 अंक-03 आषाढ़-2079 दयानन्दाब्द 199 01 जुलाई से 15 जुलाई 2022 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 01.07.2022, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## महामहिम सिक्किम के राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी से भेंट

**महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार की आवश्यकता –महामहिम गंगा प्रसाद (राज्यपाल सिक्किम)**

शनिवार 25 जून 2022, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने आज राजभवन गैंगटोक सिक्किम में महामहिम राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी से भेंट की। महामहिम राज्यपाल गंगाप्रसाद जी ने कहा कि आज आर्य समाज के कार्य की अत्यंत आवश्यकता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने नवजागरण किया उनकी शिक्षाओं को आज जन जन तक पहुचायें। उन्होंने देश में बढ़ते अलगाववाद पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं में राष्ट्रीय भावना के प्रचार प्रसार पर बल दिया,साथ ही उन्होंने नशे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने उन्हें आश्वस्त किया कि हम महर्षि दयानंद के स्वपनों का भारत बनायेंगे व युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय भावना का विस्तार करेंगे। दिल्ली से प्रवीन आर्या ने मधुर भजन प्रस्तुत किया व आस्था आर्या ने आभार व्यक्त किया। महामहिम का ओ३म् के पीतवस्त्र व गायत्री मंत्र के स्मृति चिन्ह से अभिनंदन भी किया गया। उन्होंने भी उपहार भेंट किया।



## जम्मू में आर्य युवक परिषद् का शिविर सौल्लास सम्पन्न



रविवार, 19 जून 2022, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् जम्मू कश्मीर के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर जानीपुर में चले शिविर में बच्चों और युवाओं ने चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास के मंत्र सीख कर खुद में बदलाव लाने का प्रयास किया। शिविर दिनांक 13 जून 2022 से प्रारंभ होकर रविवार दिनांक 19 जून 2022 को समाप्त हुआ। बच्चों में आए निखार को देखकर मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त सतीश शर्मा, विशेष अतिथि तहसीलदार जम्मू नार्थ जय सिंह और ह्यूमन राइटस सोशल जस्टिस काउंसिल आफ इंडिया की अध्यक्ष सुषमा शर्मा ने आर्य समाज की अधिकारियों की सराहना की। सुन्दर प्रदर्शन करने वाले 50 बच्चों को सम्मानित भी किया गया। बता दें कि इसका श्रेय दिल्ली से योगेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में प्रशिक्षकों को गया जिन्होंने कड़ी मेहनत से 105 बच्चों और युवाओं को अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों व युवाओं ने शिविर में सीखीं 15 प्रस्तुतियां प्रदर्शित की। इसमें बौद्धिक और शारीरिक शिक्षा, सामान्य, व्यावहारिक ज्ञान, भाषण, गायन, तनाव रहित जीवन जीने की कला, आसन, प्राणायाम, दंड बैठक, लाठी चलाना, निशानेबाजी, सैनिक प्रशिक्षण, सूर्य नमस्कार, कराटे, मलखंभ आदि का प्रशिक्षण दिया गया। अपने संबोधन में एडीसी सतीश ने कहा कि आर्य –समाज ने बच्चों के चरित्र निर्माण के लिए जो भी प्रयास किए आगे भी जारी रहने चाहिए। इस तरह का प्रशिक्षण साल दो से तीन बार हों। जय सिंह ने कहा कि पश्चिमी संस्कृति हमारे पर हावी हो रही है। हिंदू संस्कृति, संस्कार को बच्चे भूलते जा रहे हैं। आर्य समाज का यह प्रयास नई पीढ़ी की सोच में बदलाव लाने वाला है। ह्यूमन राइट्स की अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने शिविर में बच्चियों को सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाने की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर भारतीय संस्कृति का पतन हो रहा है। आज देश, समाज में कई प्रकार की विकृतियां आई है। नैतिक शिक्षा से ही समाज में सुधार लाया जा सकता है। पम्मी बाबा ने कहा कि बच्चों में चरित्र निर्माण के ऐसे प्रयास सरकार से लेकर निजी संगठनों को करने चाहिए। दिल्ली से केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामन्त्री श्री महेन्द्र भाई जी विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष बब्बर, प्रांतीय महामंत्री रमेश खजूरिया, मनोहर बब्बर, रूही बब्बर, कपिल बब्बर आदि उपस्थित थे।

# पलवल में आर्य युवक निर्माण शिविर सोल्लास सम्पन्न

**प्रत्येक नागरिक का सैनिक प्रशिक्षण अनिवार्य हो –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**




रविवार 19 जून 2022, आर्य युवक परिषद हरियाणा के तत्वावधान में गत 13 जून से स्वामी श्रद्धानंद जी की अध्यक्षता में जीवन ज्योति विद्यालय पलवल में चल रहे 'आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर' का भव्य समापन हो गया। शिविर में 12 से 20 वर्ष तक के युवकों ने योगासन, प्रणायाम दंड बैठक, लाठी, तलवार, जुडो कराटे का शिक्षण लिया, साथ ही यज्ञ व वैदिक संस्कृति की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि इसराईल की तरह भारत में सभी युवाओं के लिए विद्यालय शिक्षा के बाद सैनिक प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। इससे देश के युवा मजबूत होंगे व देशभक्ति से ओतप्रोत होंगे। विश्व की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अब केवल पुलिस व सेना ही नहीं अपितु प्रत्येक भारतीय को सैनिक बनना हो होगा तभी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। उन्होंने समाज में बढ़ते पाखंड अंधविश्वास पर चिंता व्यक्त करते हुए आर्य कार्यकर्ताओं से जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। युवा राष्ट्र की नींव है उसका सुद्रढ़ व संस्कारित होना आवश्यक है तभी भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। शिविर अध्यक्ष स्वामी श्रद्धा नंद सरस्वती ने कहा कि महर्षि दयानंद युग पुरूष थे उन्होंने समाज की दशा व दिशा को बदलने का कार्य किया । आज उनकी शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। शिक्षा विद वीरेंद्र गहलोत, रविन्दर आर्य ,भूदेव शास्त्री ने भी अपने विचार रखे । शिक्षक लेखराज आर्य,नरेश,विक्रांत,नरेंद्र शास्त्री, गुरमेश आर्य आदि ने शिक्षण दिया। आर्य नेता सतीश आर्य, बुधराम आर्य,ठाकुर राम आर्य,यादराम आर्य,माधवसिंह, यज्ञ वीर चौहान, गौरव झा आदि उपस्थित थे।

# सभा प्रधान मानपाल आर्य व राधा व दशरथ भारद्वाज का अभिनंदन




**रविवार 12 जून 2022, कण्वाश्रम कोटद्वार शिविर के समापन समारोह में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के प्रधान श्री मानपाल आर्य का अभिनंदन करते परिषद के अधिकारी अनिल आर्य व द्वितीय चित्र में दिल्ली के शिक्षाविद व कर्मठ समाजसेवी दंपति श्रीमती राधा व दशरथ भारद्वाज का अभिनंदन करते हुए। देहरादून से इंदुबाला सिंह,अनिल आर्य व प्रवीन आर्या। हार्दिक शुभकामनाएं।**

# आर्य समाज दार्जलिंग पहुंचे अनिल आर्य



केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य दिनांक 22 जून 2022 को आर्य समाज दार्जलिंग मनुर्भव ट्रस्ट देखने पहुंचे व उनके साथ मंत्री सुनीता क्षेत्री,धर्माचार्य जनक शास्त्री । हार्दिक शुभकामनाएं

# कण्वाश्रम कोटद्वार पहुंची करनाल की टीम




केन्द्रीय आर्य युवक परिषद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र कुकरेजा के नेतृत्व में करनाल शाखा की टीम शिविर समापन पर कोटद्वार पहुंची जिसमें अनिल आर्य, अजय आर्य, हरेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे। हार्दिक आभार

**जहां होता है भरपूर काम और प्रभु का गुणगान आर्य युवक परिषद् है उसका नाम**

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा कोरोना काल में भी 412वां वेबिनार सम्पन्न

## 'वाह रे परमेश्वर' पर गोष्ठी सम्पन्न

### न्यायकारी ईश्वर का सदैव धन्यवाद करते रहे –विमलेश बंसल दर्शनाचार्य




शनिवार 18 जून 2022, केन्द्रीय वआर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'वाह रे परमेश्वर' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कॅरोना काल में 411 वा वेबिनार था। वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्य ने कहा कि ईश्वर की बड़ी कृपा है जो उसने इस विविध अद्भुत सृष्टि को रचा है, हम सभी जीवों पर बड़ा ही न्याय किया है अर्थात् दया की है। यदि ऐसा नहीं होता तो हम जीव नाना चोला धर कभी भी होश में न आते और न कर्मफल व्यवस्था को ही समझ पाते और नाना भोग योनियों को बन्धन में पड़े देख और मनुष्य के उभयत्व की विशेषता को देख कभी सुधर भी नहीं पाते। यह विविध सृष्टि हम मनुष्यों के लिए प्रेरणा और ज्ञान का कार्य कर रही है। सचमुच उस ईश्वर की इस अद्भुत रचना के लिए उस चित्र विचित्र परमात्मा को बारम्बार धन्यवाद निकलता है। क्योंकि यह रचना हम सब जीवों के सुख भोग और अपवर्ग के लिए ही उसने रची है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है उसमें दोष नहीं उसके न्याय को समझ उसके होश अर्थात् सर्वज्ञता सर्वशक्तिमत्ता न्यायकारी सच्चिदानन्द स्वरूप को निहार प्रतिक्षण कोटिशः नमन करें तथा उस परमेश्वर के न्यायकारी स्वरूप का वरण करते हुए न्यायसंगत निष्काम कर्म करते हुए मानव जन्म को सफल करने कम से कम एक बार अवश्य कहें ॰वाह रे परमेश्वर॰। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने संचालन करते हुए कहा कि वह ईश्वर बहुत दयालु है और न्यायकारी भी । वह मनुष्य के कर्मो के अनुसार न्याय करता है ,उसकी महिमा अपरंपार है। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री रजनी गर्ग व अध्यक्ष विद्योत्तमा झा ने भी ईश्वर की महिमा की चर्चा की । राष्ट्रीय मंत्री प्रवीन आर्य ने कहा कि रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वह ही सृष्टि चला रहे है। गायक प्रवीना ठक्कर,कमला हंस,कमलेश चांदना, रेखा गौतम, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया, रचना वर्मा,सरला बजाज,रजनी चुघ,किरण सहगल, नरेशप्रसाद आर्य आदि के मधुर भजन हुए। 90 वर्षीय माता सुमित्रा गुप्ता ने गोष्ठी का शुभारंभ किया।

## लता मंगेशकर व आशा भोंसले के गीतों की धूम

### संगीत परम आनंद देता है –शिक्षाविद शालिनी अरोड़ा




रविवार 19 जून 2022, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'लता मंगेशकर व आशा भोंसले गीतमाला' का ऑनलाइन संगीत आयोजन किया गया। यह कॅरोना काल मे 412 वा वेबीनार था । मुख्य अतिथि शिक्षाविद शालिनी अरोड़ा (प्रधानाचार्य, डी ए वी स्कूल विकासपुरी, दिल्ली) ने कहा कि संगीत परम आनंद का सुख देता है। तनावग्रस्त व्यक्ति आनंदमय हो जाता है। परिषद के सभी वेबिनार अलग अलग विषयों पर लाभान्वित करते है, सचमुच कॅरोना काल में इन वेबिनारो ने बड़ा पुण्य कार्य किया है व लोंगो को स्वस्थ रहने में सहयोग दिया है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि संगीत भी थैरेपी का कार्य करती है हर व्यक्ति गाना चाहता है बस उसे एक अवसर चाहिए। गायिका रचना वर्मा, प्रवीन आर्य (गाजियाबाद), रजनी गर्ग, रजनी चुघ, दीप्ति सपरा, पिंकी आर्या, राजेश मेहंदीरत्ता, निताशा कुमार, सुदेश आर्या, नरेन्द्र आर्य सुमन, रविन्द्र गुप्ता, जनक अरोड़ा, प्रवीना ठक्कर आदि ने लता व आशा जी के गीत सुनाये।





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जम्मू कश्मीर के शिविर समापन समारोह आर्य समाज जानीपुर में श्री महेन्द्र भाई, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बब्बर, कपिल बब्बर के साथ शिक्षक गण व द्वितीय चित्र में शिविरार्थी युवा ।

## श्रावणी पर्व पर परिषद युवा संस्कार अभियान चलाएगी

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के नेतृत्व में परिषद श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में दिनांक 6 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक पूरे विश्व में 'युवा संस्कार अभियान' चलायेगी। जिसमे मिशन– 25 के उदघोष के साथ 12 वर्ष से 25 वर्ष तक के युवाओं को आर्य समाज से जोड़ा जाएगा। इसके लिए स्थान स्थान पर यज्ञ, भजन, प्रवचन के लघु कार्यक्रम होंगे व यज्ञोपवीत संस्कार किया जायेगा। जिससे वह अपनी पुरातन संस्कृति के साथ जुड़ सके। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई ने इस रचनात्मक कार्य को सफल बनाने का आह्वान किया है उन्होंने कहा है कि अपने कार्यक्रम में निकट के परिषद व आर्य समाज के अधिकारियों को भी विशेष आमंत्रित करें –अरुण आर्य, मो. 9818530543

# 'अविद्या व्यक्ति,परिवार, समाज का शत्रु' गोष्ठी सम्पन्न

## समाज में सुख शांति अविद्या के नाश से ही सम्भव है –योगाचार्य श्रुति सेतिया



शुक्रवार 17 जून 2022, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'अविद्या व्यक्ति, परिवार व समाज का शत्रु' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया । यह कॅरोना काल में 410 वा वेबिनार था। योगाचार्य श्रुति सेतिया ने कहा कि संसार के तीन प्रमुख शत्रु है–प्रथम अज्ञान व अविद्या,दूसरा–अन्याय शोषण व अत्याचार तीसरा – अभाव। अज्ञान व अविद्या को दूर करने का दायित्व ब्रह्मण का होता है। अन्याय और अभाव को दूर करना क्षत्रिय तथा वैशय का कर्तव्य होता है। अज्ञान व विद्या से जुड़ी सभी बातें मनुष्य समाज देश और संसार के प्रमुख शत्रु हैं । इनका नाश किए बिना मनुष्य व समाज,विश्व आदि के जीवन में सुख व शांति स्थापित नहीं हो सकती। जो समाज अज्ञान व अविद्या से रहित पूर्ण ज्ञानवान होगा वह सर्वाधिक उन्नत व विकसित होगा। शास्त्रों में भी कहा है कि संसार में ज्ञान से पवित्र और मूल्यवान कुछ भी पदार्थ नहीं है। महर्षि दयानंद जी ने मूर्ति पूजा को असत्य व अज्ञान से पूर्ण कृत्य बताया और घर का त्याग कर देश में भ्रमण कर सभी विद्वानों और योगियों की संगत से इस जीवात्मा और सृष्टि विषयक सत्य ज्ञान को प्राप्त करने के लिए अपूर्ण पुरुषार्थ किया। ज्ञान व विद्या पदार्थों के सत्य ज्ञान को कहते हैं । जिस व्यक्ति को सभी प्रकार का ज्ञान होता है वह पदार्थों से लाभ प्राप्त कर सकता है और जिसको जिसको ज्ञान नहीं होता तो वह अपनी हानि तो करता ही है और साथ ही समाज की भी हानि करता है। अतः मनुष्य के ज्ञान प्राप्त करने में सर्वदा उद्धत, सतर्क एवं प्रत्यय शील रहना चाहिए। महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना कर उसके नियमों में प्रावधान किया कि अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए । सभी मनुष्यों को अपने स्वरूप तथा अन्य पदार्थों के सत्य स्वरूप व गुण, कर्म तथा स्वभाव और सभी विषयों का ज्ञान विद्या से होता है। मैं कौन हूं ? यह संसार क्या है ? किसने बनाया है? कौन इसका संचालन व पालन कर रहा है? ऐसे सभी प्रश्नों के उत्तर विद्या से प्राप्त होते हैं । जिनको उत्तर ना ज्ञात हो ऐसे लोगों को अपनी अविद्या को दूर करने के लिए ज्ञानी व विद्वान गुरु की तलाश करनी चाहिए । वैदिक साहित्य वेद,दर्शन, उपनिषद् आदि का अध्ययन करना चाहिए। स्वामी दयानंद जी सत्य के पुजारी थे इसी कारण उन्होंने कहा कि अविद्या ही संसार में एक से अधिक मत होने के कारण है। यह सुनिश्चित है कि विश्व से सभी दुखों की निवृत्ति तभी होगी जब संसार में अविद्या और अज्ञान को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। ऐसा होने पर मनुष्य सुख शांति व अभय का जीवन व्यतीत कर अभ्युदय व निःश्रेयस को प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि उर्मिला आर्या(गुरुग्राम) व अध्यक्ष राजश्री यादव ने सत्य विद्या के प्रचार प्रसार का संदेश दिया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीन आर्य ने आभार व्यक्त किया।

# नांगल चौधरी महेन्द्रगढ़ में युवक निर्माण शिविर सम्पन्न



आर्य समाज नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा के सौजन्य से सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल नागल चौधरी में दिनाक 23 जून से 29 जून 2022 तक विशाल आर्य युवक निर्माण शिविर सोल्लास सम्पन्न हुआ। जिसमें 150 युवको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामकृष्ण शास्त्री ने कुशल संचालन किया व प्रधान शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री (जींद), प्रणवीर शास्त्री, हिमांशु आर्य, नसीब सिंह आदि ने प्रशिक्षण दिया व दयाराम यादव, राजकुमार आर्य, थानेदार वीरेन्द्र आर्य, मनीष शास्त्री, रोहित शास्त्री, विक्रम आर्य, बृजमोहन आर्य, विधायक डॉ. अभे सिंह यादव आदि ने आभार व्यक्त किया।

# सिलीगुड़ी में वैदिक आश्रम का निर्माण कार्य प्रगति पर



बुधवार, 29 जून 2022 पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में वैदिक आश्रम का भव्य निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है जिसमें भव्य यज्ञ शाला,अतिथि गृह, गुरुकुल छात्रावास,प्रशासनिक ब्लॉक,गौ सदन , ध्यान कक्ष आदि तैयार हो रहे हैं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने निर्माण कार्य का अवलोकन किया व अपनी शुभकामनाएं दी। श्री सतेन्द्र आर्य ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपरोक्त चित्र में श्री अशोक आर्य व श्रीमती सुलोचना आर्या को सम्मानित करते अनिल आर्य व प्रवीन आर्या,साथ मे नेहा आर्या।

**आओ 6 जुलाई को जंतर–मंतर पहुंचेः–** **केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली** की ओर आदरणीय **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी** के **जन्मदिन** पर **बुधवार 6 जुलाई 2022** को **प्रातः 11 से 1.00 बजे तक 'राष्ट्र रक्षा यज्ञ' नई दिल्ली के 'जन्तर मन्तर'** पर आयोजित किया जा रहा है। श्रीमती पुष्पा एवम् श्री सुरेन्द्र शास्त्री जी मुख्य यजमान रहेगें। आप अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने साथियों सहित सादर आमंत्रित है। **–अनिल आर्य, संयोजक, मो. 9810117464**

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिंटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970